हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

बेंगलूरु @पत्रिका. कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु में एक दिवसीय पूर्णकालिक हिन्दी कार्यशाला काआयोजन किया गया। मनोज कुमार, क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी ने कहा कि भारत सरकार के ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्यालय में हिंदी में कामकाज को सरल बनाना है।

उन्होने कर्मचारियों को इससे भरपूर लाभ उठाने का अनुरोध किया। सहायक निदेशक (राजभाषा) श्वेता सिन्हा ने प्रतिभागियों से अपनी शंकाओं के निवारण का अनुरोध किया। कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। दरबारा सिंह, उप निदेशक, कैलाश चंद शर्मा एवं मीनाक्षी राय, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उप निदेशक सुनील महतो ने धन्यवाद दिया।